<u>आईआईएम रांची ने सोल कार्निवल का आयोजन किया</u>

आइआइएम में सोल कार्निवल का हुआ आयोजन

रांची. आइआइएम रांची में 'सोल कार्निवल 2024' का आयोजन हुआ. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को बाजार के आर्थिक मॉडल और सामाजिक व्यवस्था की जानकारी देना था. विद्यार्थियों ने विभिन्न स्टॉल लगाकर हैंडीक्राफ्ट, फूड कोर्ट, प्ले जोन और म्यूजिक गैलरी तैयार की. स्टॉल के जरिये जमा हुई राशि को भविष्य में आयोजित होने वाले कार्निवल के संचालन और सामुदायिक पहल में खर्च किया जायेगा. निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि सोल कार्निवल 2024 के जरिये विद्यार्थियों को सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक जुड़ाव की जानकारी दी गयी.

Prabhat Khabar, 20.02.2024, Pg.9

आईआईएम के सोल कार्निवाल में रचनात्मकता का मना जश्न

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में सोल कार्निवल-2024 आयोजित किया गया। इसके तहत संस्थान परिसर को- सोल जोन, में बदल दिया, जिसमें समुदाय, रचनात्मकता और दयालुता का जश्न मनाया गया।

पारंपरिक बाजार मॉडल से हटकर, स्टॉल मालिकों, जिनमें आईआईएम रांची के स्वयंसेवक शामिल थे, ने बिना किसी मौद्रिक अपेक्षा के हस्तनिर्मित वस्तुओं, व्यंजनों, संगीत प्रदर्शन और आकर्षक गतिविधियों की प्रस्तुति दी। यह नवोन्मेषी प्रारूप का उद्देश्य आर्थिक लेन-देन के बजाय सहानुभूति और जुड़ाव को प्राथमिकता देना रहा। आगंतुक स्टॉल मालिकों के साथ बातचीत में शामिल हुए, जिससे उनमें अपनेपन और साझा उद्देश्य की भावना को बढ़ावा मिला। सोल कार्निवल वैकल्पिक आर्थिक मॉडल की खोज के बारे में भी था। इस कार्यक्रम ने मानवीय भावना की सहानुभूति और जुड़ाव की क्षमता के प्रमाण के रूप में काम किया। कार्यशालाओं, प्रदर्शनों और संवाद सत्रों ने प्रतिभागियों को रचनात्मक रूप से जुड़ने, सीखने और खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर दिया।

- हस्तनिर्मित वस्तुओं व्यंजनों और गीत व संगीत का प्रदर्शन
- सोल कार्निवल वैकल्पिक आर्थिक मॉडल की खोज को लेकर हुआ

Hindustan, 20.02.2024, Pg.5

सद्भावना के माहौल को मिला बढ़ावा

जासं, रांची : आइआइएम रांची ने सोल कार्निवल 2024 की मेजबानी की। जिसने पूरे परिसर क्षेत्र को एक जीवंत सोल जोन में बदल दिया। इस दौरान सबने समुदाय, रचनात्मकता और दयालुता का जश्न मनाया। इस वर्ष के आयोजन ने एक विशिष्ट दृष्टिकोण अपनाया, जिसमें विश्वास और साझा सद्भावना के माहौल को बढ़ावा दिया।

आइआइएम रांची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं • जागरण

पारंपरिक बाजार माडल से हटकर सोल कार्निवल 2024 में आइआइएम रांची के स्वयंसेवक शामिल हुए। जहां बिना किसी मौद्रिक अपेक्षा के हस्तनिर्मित वस्तुओं, पाक व्यंजनों, संगीत प्रदर्शन और आकर्षक गतिविधियों की श्रृंखला पेश की गई। साथ ही एकत्रित धन को कार्निवल के संचालन या भविष्य की सामुदायिक पहलों में पुनः निवेशित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पहल ने आर्थिक लेनदेन से आगे बढ़कर सहानुभूति और जुड़ाव को प्राथमिकता दिया। आगंतुक स्टाल मालिकों के अनुभवों से रूबरू हुए। विश्वास अर्थव्यवस्था माडल से उदारता के सहज कार्यों को बढ़ावा मिला और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला। इस मौके पर कई लोग उपस्थित रहे।

Dainik Jagran, 19.02.2024, Pg.4

आईआईएम में सोल कार्निवाल कल

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान, (आईआईएम), रांची में सोल कार्निवल का आयोजन 18 फरवरी, को किया जा रहा है। यह आईआईएम रांची की सोशल इम्पैक्ट कमेटी और हैपीनेस सेंटर की ओर से आयोजित है। इसके मूल में, विश्वास, उदारता और सामूहिक कल्याण के सिद्धांतों को मूर्त रूप देते हुए मानवीय भावना का जश्न मनाना है। इसमें छात्र विभिन्न स्टॉल लगाएंगे। इन स्टॉल में पैनकेक और नींबू पानी लेकर अन्य स्वादिष्ट भोजन और कई रोचक खेल भी होंगे।

Hindustan_17.02.2024_Pg. 07

आइआइएम में सोल कार्निवल कल

जासं, रांची : भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची (आइआइएम रांची) में 18 फरवरी को सोल कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाएंगे। इसमें पैनकेक और नींबू पानी से लेकर डाट्र्स और रिंग टास जैसे आकर्षक गेम बूथ तक शामिल हैं। यह आयोजन जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को देने की खुशी, समुदाय की गर्मजोशी और विश्वास-आधारित अर्थव्यवस्था की क्षमता का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है। आइआइएम रांची न केवल सांचे को तोड़ रहा है, बल्कि व्यावसायिक शिक्षा और अभ्यास में एक नए प्रतिमान का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है, जहां लाभ और उद्देश्य साथ-साथ चलते हैं।

Dainik Jagran_17.02.2024_Pg. 06